Sixteenth Loksabha

pan>

Title: Need to transfer the irregular colonies of Delhi to MCD.

श्री रमेश बिधूड़ी (दक्षिण दिल्ली): महोदय, मैं आपका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं कि दिल्ली के 35 लाख लोगों की समस्या के बारे में आपने मुझे बोलने का मौका दिया ।

दिल्ली में 30 से 35 लाख लोग अनियमित कालोनियों में रहते हैं। दिल्ली के माननीय मुख्यमंत्री जी बार-बार कहते हैं कि केंद्र सरकार काम नहीं करने देती है। उन कालोनियों में डीएसआईडीसी फ्लड डिपार्टमेंट के माध्यम से काम होते थे । मुख्यमंत्री जी ने डीएसआईडीसी को विड्रॉ कर फ्लड डिपार्टमेंट को दे दिया । अब वे लोग नारकीय जीवन जी रहे हैं, गंदे पानी में जी रहे हैं। यहां संगम विहार, रतिया मार्ग, मंगल बाजार है। संगम विहार में 5000 लोग रहते हैं। यहां की सड़कों पर कीचड़ है इसलिए लोग दो घंटे तक निकल नहीं पाते हैं। आया नगर फेस 1, 2, 3, 4, 5, रनपुरी कालोनी, सालापुर कालोनी, तमिल एन्कलेव, महावीर एन्कलेव, सिद्घु ब्लॉक महावीर एन्कलेव के लोग नारकीय जीवन जी रहे हैं। वह केंद्र सरकार पर बार-बार आक्षेप करते रहते हैं कि मुझे काम नहीं करने दे रहे हैं।

मैं आपके माध्यम से केंद्र सरकार से कहना चाहता हूं कि …* साहब उन कालोनियों को एमसीडी को ट्रांसफर कर दें ताकि हम एमसीडी से इनका डेवलपमेंट करा सकें । मैं चाहता हूं कि वे लोग नारकीय जीवन से बच जाएं । यही मेरी प्रार्थना है कि 35 लाख लोगों की समस्या का समाधान होना चाहिए ।

माननीय सभापति: श्री भैरों प्रसाद मिश्र, कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और श्रीमती मीनाश्री लेखी, श्री जगदम्बिका पाल और श्री शरद त्रिपाठी श्री रमेश बिधूड़ी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

नाम रिकॉर्ड में नहीं जाएगा । …*